आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 19.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— राजधानी रायपुर के उरकुरा स्टेशन के पास आज शालीमार—लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस पर बिजली का खंभा गिरने से दो यात्री गंभीर रूप से घायल।

2— आज से शुरू हुआ बालिका सशक्तिकरण अभियान। इसके तहत भिलाई में छह स्कूलों की बयालीस बालिकाओं को विभिन्न विधाओं में दिया जा रहा है प्रशिक्षण।

3— स्वच्छ भारत मिशन की प्रबंध संचालक चंदन त्रिपाठी और पंचायत निदेशक प्रियंका महोबिया ने बस्तर जिला के बुरूँद सेमरा स्थित कचरा प्रबंधन केन्द्र का किया निरीक्षण।

4— अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज—चमक के साथ ही छींटे पड़ने की संभावना।

ट्रेन—हादसा

राजधानी रायपुर के पास आज शालीमार—लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन पर बिजली का खंभा गिर गया। इस हादसे में दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। यह हादसा उरकुरा स्टेशन के पास हुआ। खंबा हटाने में करीब एक घंटे का समय लगा। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही रायपुर मंडल प्रबंधक संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है।

इस बीच, रेलवे प्रबंधन ने अपना स्पष्टीकरण जारी किया है। अपने स्पष्टीकरण में रेलवे ने बताया कि जो पोल एसी कोच पर गिरा था, वह रेलवे का नहीं था। यह कार्य छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा किया गया था, जिसमें कथित रूप से सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया। रेलवे ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

हादसा/दुर्घटना

रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। ये तीनों युवक मोटर साइकिल से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी मोटर साइकिल कर्राहन गांव के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, बेमेतरा जिले के सोड़ गांव में हुए एक अन्य हादसे में माँ—बेटे की मौत हो गई। बताया जाता है कि ये दोनों ट्रैक्टर की ट्रॉली में बैठकर धान काटने के लिए अपने खेत जा रहे थे। तभी अचानक ट्रॉली ट्रेक्टर की इंजन से अलग होकर नहर में जा गिरी।

बिलासपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रतनपुर के पास एक तेज रफ्तार वाहन ट्रेलर से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस वाहन में छह लोग सवार थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है।

उधर, कोंडागांव जिले के दहीकोंगा गांव के पास एक ट्रक ने मोटर साइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसके दो बच्चे घायल हो गए हैं। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

<u>कोरबा–युवक मौत</u>

कोरबा जिले के बुंदेली गांव में कुंए की सफाई के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक बेहोश हो गया है। बताया गया है कि कुएं से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे नगर सेना के बचाव दल ने दोनों युवकों को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक इनमें से एक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<u>मजदूर–घर वापसी</u>

सरगुजा जिला प्रशासन के प्रयास से कर्नाटक में बंधक बनाए गए मैनपाट के चार ग्रामीणों की आज सकुशल घर वापसी हो गई है। गौरतलब है कि ये चारों ग्रामीण कर्नाटक के कुसल नगर बेला कुपा में मजदूर के रूप में काम कर रहे थे, जहां ठेकेदार ने इन्हें बंधक बनाकर रखा हुआ था। इस घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर विलास भोसकर ने पुलिस प्रशासन को मजदूरों की घर वापसी कराने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम ने बेलाकुपा पहुंचकर मैनपाट के मजदूरों से संपर्क किया और उनकी वापसी सुनिश्चित की। इन ग्रामीणों को मैनपाट का एक व्यक्ति ज्यादा मजदूरी दिलाने के नाम पर अपने साथ कर्नाटक ले गया था, लेकिन वहां इन्हें बहुत कम पैसे दिए जा रहे थे और घर लौटने भी नहीं दिया जा रहा था।

<u>बालिका सशक्तीकरण अभियान</u>

देशभर में आज से बालिका सशक्तीकरण अभियान शुरू हो गया है। इसी कड़ी में भिलाई के एन.एस.पी.सी.एल. संस्थान में भी इस आभियान की शुरुआत की गई। एन.टी.पी.सी.के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सी. शिवकुमार ने इस अभियान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन .एस पी सी एल के महाप्रबंधक सोमनाथ चट्टोपाध्याय ने की। इस अवसर पर ''बालिकाएं सक्षम – राष्ट्र उत्तम'' शीर्षक से तैयार की गई स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

इस अभियान के तहत चुने गए विभिन्न गांवों के छह स्कूलों की बयालीस बालिकाओं को शिक्षा, कम्प्यूटर विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, योग, कला और शिल्प जैसे विषयों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह एक महीने तक चलेगा।

<u>राउंड टेबल इंडिया संस्था–राज्यपाल</u>

कल राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राउंड टेबल इंडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संस्था के कार्यों से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि राउंड टेबल इंडिया संस्था पूरे भारत में वंचित बच्चों की शिक्षा की अधोसंरचना को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। संस्था ने पूरे देश में बच्चों के लिए नौ हजार से अधिक कक्षा भवन बनवाए हैं। इसके अलावा खेल मैदान और शौचालय का निर्माण भी कराया है। वहीं, छत्तीसगढ़ के पचास से अधिक स्कूलों में भी करीब ढाई सौ कक्षाएं तैयार की गई हैं।

<u>स्वच्छ मिशन–निरीक्षण</u>

स्वच्छ भारत मिशन की प्रबंध संचालक चंदन त्रिपाठी और पंचायत निदेशक प्रियंका महोबिया ने बस्तर जिला के ग्राम बुरूँद सेमरा स्थित मटेरियल रिसाइकल फेसेलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने एमआरएफ सेंटर में कचरा को इकट्ठा करने की व्यवस्था जानने के अलावा इसे अलग करने की तकनीक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर बस्तर में प्लास्टिक सामग्रियों की रिसाइकल परियोजना को समझने और छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में इसी तरह की परियोजनाओं को लागू करने की संभावना का पता

लगाने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने संस्था में काम करने वाले सफाई मित्रों के साथ बातचीत भी की।

<u>अवैध राखड़ डंप–कार्रवाई</u>

सक्ती जिले के अकलसरा में अवैध राखड़ डंप की शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। इस मामले में अवैध राखड़ डंप करते दो ट्रेलर वाहन को जब्त भी किया गया है। गौरतलब है कि परेशान ग्रामीणों की बार–बार शिकायत पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने तहसीलदार को इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे।

<u>अवैध खाद–कार्रवाई</u>

मोहला–मानपुर जिले के कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर कृषि विभाग ने अवैध जैविक खाद के बड़े जखीरे को जब्त किया है। विभाग के अधिकारियों ने हर्राटोला में ट्रक से दो सौ तैंतालीस क्विंटल अवैध जैविक खाद बरामद किया है। वहीं, मेटेपार गांव में एक व्यावसायिक भवन में छापामार कार्यवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारण किए गए जैव उत्प्रेरक को भी जब्त किया है।

<u>समर कैम्प</u>

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गर्मी की छुट्टियों में प्रदेशभर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी के निर्देश पर बस्तर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग में खेल–खेल में बच्चों को बुनियादी साक्षरता के साथ ही संख्या ज्ञान सिखाया जा रहा है। इस कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, कैलीग्राफी, रूबिक्स, साईंस मॉडल, हैंडीक्राफ्ट, योग और ध्यान, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, पेंटिग, बांसुरी वादन, नृत्य, गायन, कठपुतली, मेहंदी, शतरंज, रस्सी कूद, बॉलीबॉल, खो–खो, फुटबॉल, ताईक्वांडो जैसी अनेक विधाओं को शामिल किया गया है। कैंप का आयोजन सुबह सात से साढ़े नौ बजे तक किया जा रहा है। यह कैंप पूरी तरह स्वैच्छिक है। इसमें कोई भी प्रतिभागी अपनी रूचि की विधा में शामिल हो सकता है।

गौरतलब है कि बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने के अलावा मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण देकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए यह कैम्प आयोजित किया जा रहा है।

<u>प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल</u>

जीएसएम और जीपीएस लगे प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल को छत्तीसगढ़ में पक्षी विशेषज्ञों ने कैमरे में कैद किया है। यह पहली बार है जब बेमेतरा के गिधवा परसदा में जीएसएम और जीपीएस लगे प्रवासी पक्षी की जानकारी एकत्रित की गई है। व्हिंब्रेल एक प्रवासी पक्षी है, जो लगभग चार से छह हजार किलोमीटर की दूरी तय करके छत्तीसगढ़ पहुंचा है। व्हिंब्रेल के संरक्षण के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं. सेटेलाइट टैगिंग और जीएसएम, जीपीएस की मदद से व्हिंब्रेल के प्रवास और पैटर्न को लगातार ट्रैक किया जा रहा है। व्हिंब्रेल के ट्रैकिंग कार्य में डॉक्टर हिमांशु गुप्ता, जागेश्वर वर्मा और अविनाश भोई शामिल थे।

**मौसम**

प्रदेश में भारी गर्मी के बीच कुछ स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा और गरज–चमक के साथ ही छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरप्रदेश से उत्तर बंग्लादेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं, एक अन्य द्रोणिका उत्तरप्रदेश से मराठवाड़ा तक सक्रिय है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर कल हल्की वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>